# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज, भाजपा,सपा और बसपा के वरिष्ठ नेताओं ने अलग अलग स्थानों पर विभिन्न जनसभाओं को किया संबोधित
- मतदान में दृष्टि दिव्यांगों को दी जाएगी ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट की सुविधा
- आज से दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश की संभावना जताई
- कल प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी का पर्व

**********

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

गौतम बुद्धनगर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा के पक्ष में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित सिंह ने फोन के जरिये रैली को संबोधित किया । खराब मौसम के कारण उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया तो उन्होंने फोन के जरिये लोगों से कहा कि भाजपा प्रत्याशी को मिलने वाला वोट मोदी को मिलने वाला है । उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों की भी चर्चा की । रैली की दौरान ही पूर्व मंत्री मदन चौहान ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कर ली। श्री चौहान समाजवादी पार्टी से विधायक रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुरादाबाद और बरेली में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि बदलते भारत को देखना हमारा सौभाग्य है। भारत को एक वैश्विक नेता और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, दुनिया को विकास और कल्याण का मॉडल उपलब्ध करा रहा है। भारत में यह मॉडल युवाओं को आजीविका की गारंटी देता है।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते हुए श्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोगों में सुरक्षा की भावना है और अगर कोई कोई शरारत करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाती है।

शामली जिले के झिंझाना में भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में जनसभा संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब तक देश की कुर्सी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, कोई भी गरीब भूख से नहीं मर सकता है। भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र सिंह ने कल अमरोहा के कैलसा बार्डर पर पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया और भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट देने की अपील की।

वहीं, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल नगीना सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया । नगीना सुरक्षित सीट से पार्टी प्रत्याशी मनोज कुमार के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का चुनाव है इसलिए अपना मत सोच समझ कर दें। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के मीरापुर में सपा प्रत्याशी दीपक सैनी के समर्थन में चुनावी जनसभा के दौरान सपा प्रमुख ने घोषणा किया कि उनके गठबंधन की सरकार आने के बाद अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा ।

सपा प्रमुख ने मेरठ में पत्रकारों से बातचीत में भी केंद्र सरकार के अग्निवीर योजना की आलोचना की।

वहीं, बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने कल हाथरस और अलीगढ़ में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने केंद्र सरकार से दस साल का हिसाब किताब मांगा और शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार के मुद्दों पर सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि विपक्षी साम दाम दंड भेद और अफवाह फैलाकर उनके मूवमेंट को कमजोर करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने समर्थकों को याद दिलाया कि जो बहनजी के खिलाफ है वह मान्यवर कांशीराम और बाबा साहब के खिलाफ है।

इस बीच प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम और द्वितीय चरण की लोकसभा सीटों पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती भी आज से लेकर तेईस अप्रैल तक तेरह रैलियों को सम्बोधित करेंगी। बसपा की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, आज मुजफ्फरनगर और सहारनपुर, कल रामपुर और मुरादाबाद, 16 अप्रैल को नगीना व बिजनौर, 21 अप्रैल को गाजियाबाद, बागपत एवं अमरोहा, 22 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर, 23 अप्रैल को मेरठ और हापुड़ में बसपा प्रमुख मायावती की रैलियां होगी।

बागपत के बडौत में कल शाम इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक हुई जहां कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन दो हजार चौबीस में दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जा जाएगी। यह शीट प्रत्येक पोलिंग बूथ पर उपलब्ध होगी। इसके लिए ईवीएम में अभ्यर्थियों के ब्रेल में क्रमांक नीले बटन के दाहिनी ओर उकेरे गए हैं। ब्रेल लिपि वाली डमी

बैलेट शीट में सबसे पहले बैलेट यूनिट का नम्बर, फिर अभ्यर्थी का क्रमांक और अभ्यर्थी का नाम एवं दल का नाम मुद्रित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पोलिंग बूथ पर दृष्टिबाधित मतदाता द्वारा मांग किये जाने पर ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के बाद डमी बैलेट शीट पीठासीन अधिकारी द्वारा वापस ले ली जायेगी। पीठासीन अधिकारी को इस सुविधा का उपयोग करने वाले मतदाताओं का रिकार्ड रखना होगा।

श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को भी दृष्टिबाधित मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही जो ब्रेल लिपि नहीं जानते, उन्हें नियमानुसार एक सहयोगी भी साथ ले जाने की अनुमति होगी।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के पहले चरण में आठ सीटों पर उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में बिजनौर लोकसभा सीट भी शामिल है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***बिजनौर लोक सभा सीट 3 जनपदो की सीमाओं के अन्तर्गत आती है जिसके कारण क्षेत्रफल के हिसाब से यह एक बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। बिजनौर लोकसभा की मीरापुर तथा पुरकाजी विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जनपद में, जबकि हस्तिनापुर विधानसभा सीट मेरठ जनपद की सीमाओं में है। 17 लाख 33 हजार से अधिक मतदाता, आगामी 19 अप्रैल को बिजनौर लोकसभा सीट के 11 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैंसला करेगें। बिजनौर लोक सभा सीट में 1837 मतदेय स्थलों पर 9 लाख 21 हजार 201 पुरूष, 8 लाख 12 हजार 98 महिला तथा 91 थर्ड जैंडर के पंजीकृत मतदाता है। इस बार एन डी ए गठबंधन से मीरापुर विधायक चंदन चौहान, सपा से दीपक सैनी तथा बसपा के चौधरी विजेन्द्र सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हैं। बिजनौर में सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार जनता के बीच जाकर स्वयं और अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों से आगामी चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने की जी–तोड़ कोशिश में जुट गये हैं। अतुल गर्ग आकाशवाणी समाचार बिजनौर।***

**********

पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश के कुछ जिलों आज से दिखाई देने लगा है। कौशांबी में आज भोर में ही वर्षा होने लगी । इससे वहां गेहूं के कटाई और मड़ाई का कार्य बाधित हो गया है । इस विक्षोभ का असर राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य कई जनपदों में भी दिखने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश बारिश के साथ ओलावृष्टि और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने लखनऊ, हरदोई, पीलीभीत, वाराणसी समेत कई अन्य जनपदों के लिये यलो अलर्ट और मथुरा, झांसी, मेरठ व बिजनौर समेत अन्य जनपदों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********

बैसाखी का त्योहार कल प्रदेश के विभिन्न जिलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । वर्ष सोलह सौ निन्नाबे में कल ही के दिन श्रीआनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के गुरुद्वारा नाका हिण्डोला में कल इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

गोरखपुर जिले में भी बैसाखी पर्व को लेकर खासा उत्साह का माहौल रहा । इस मौके पर गुरुद्वारा जटाशंकर में देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।

**********